# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(सोलहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 24 अगस्त, 2017/ 2, भाद्रपद, 1939 (शक्)

----

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ].

कुल प्रश्न - 12

----

### सड़कों की अद्यतन स्थिति

***4122 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न निर्माणाधीन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या हैः-

(i) कुट-खेतड़ू -चांदनी;

(ii) कुन्नी -कतकल -भलारा-रैंस;

(iii) खद्दर -रांगड़ा -भरगाई-सरहून-अंतोला-त्रैम्बली सम्पर्क सड़क; और

(ख) इन सड़कों की क्या फॉरेस्ट क्लीयरेंस व अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; यदि हां, तो कब और यदि नहीं ,तो कारण?

----

## बन्दरों को वर्मिन घोषित करना

***4123 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2017 से 31 जुलाई, 2017 तक प्रदेश में भारत सरकार द्वारा खूंखार बन्दरों को वर्मिन घोषित करने के उपरान्त कितने बन्दर कहां-कहां से पकड़े गए; कितने बन्दरों को मारा गया और कितनों को छोड़ा गया; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने पुनः भारत सरकार से इस प्रकार के बन्दरों को मारने हेतु समय-सीमा बढ़ाने की मांग की है; यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे और बन्दरों को मारने की किस प्रकार की योजना बनाई गई है; विवरण दें; और

(ग) प्रदेश में कितने नसबन्दी केन्द्र हैं और गत तीन वर्षों में कितने बन्दरों की नसबन्दी की गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## Approval of Roads

***4124 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last 2 years upto 31st July, 2017 how many roads (Division wise) have been sent by the Government to NABARD for approval ;

(b) how many projects are waiting for sanction; and

(c) by when the projects are likely to be cleared by NABARD?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों का उन्नयन

***4125 डॉ0 अनिल धीमान(भोरंज) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में प्रदेश में कितने नए स्वास्थ्य संस्थान खोले गए तथा कितने अपग्रेड किए गए; ब्यौरा संस्थानवार स्वीकृत पदों सहित दें;

(ख) इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों में क्या Indian Public Health Standard या Himachal Pradesh Public Health Standard के अनुरूप स्टाफ व आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवा दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो किन-किन संस्थानों में आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवा दिया गया है व किन में नहीं; ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार ने धर्मपुर को नागरिक अस्पताल तथा पी0एच0सी0 टीहरा को सी0एच0सी0 का दर्ज़ा दिया है; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## सड़क निर्माण

***4126 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी व कौन-कौन सी सड़कें F.C.A. क्लीयरेंस की वजह से रूकी हैं; उनकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Bus Routes

***4127 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether any survey has been conducted by the Government or H.R.T.C. to ascertain that how many bus routes are feasible in the State;

(b) if yes, details in respect of Nalagarh Assembly Constituency be given;

(c) whether some routes have been discontinued by the H.R.T.C.; and

(d) if yes, by when the discontinued routes in Nalagarh Assembly Constituency will be restarted?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***4128 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन सड़कों की डी0पी0आर0 नाबार्ड व पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के सरकाघाट मण्डल द्वारा बनाई गई; और

(ख) वर्तमान में कौन-कौन सी सड़कों की डी0पी0आर0 बनाने हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा सड़कवार विलम्ब के कारणों सहित दें?

----

## पदपूर्ति

***4129 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहडू नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के कितने पद सृजित हैं तथा कितने रिक्त पड़े हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कितने चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की रिक्तियां हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि

***4130 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक प्रदेश में नाबार्ड के अन्तर्गत सड़कों व पुलों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजनाओं का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***4131 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेड़ी एवं तिनबड़ कब से कार्यरत हैं;

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों में कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) इनके अंतर्गत कितने उप-स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत हैं और इनके भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## National Highway-105

***4132 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is inordinate delay in the completion of NH 105 from Nalagarh to Sawarghat; if yes, reasons thereof;

(b) whether the compensation to the land owners will be paid in a time bound manner;

(c) by when the pending work will be completed from Nalagarh to Baglehar section by following the quality norms prescribed by the NHAI; and

(d) whether proper enquiry will be initiated for the frequent damage to the work under completion and cause(s) of abnormal delay in completion of this project?

----

## भूमि का हस्तांतरण

***4133 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार जिला मण्डी के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा की भूमि के हस्तांतरण को रद्द करने जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति से अवगत करवाएं?

----

**शिमला: 171004.**
**दिनांक: 8 अगस्त, 2017.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**